भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1441**
बुधवार, 02 अगस्त 2023 (श्रावण 11,1945( शक )) को उत्तरार्थ

## सहकार से समृद्धि योजना

**1441 श्री ईरण्ण कडाडी :**

क्या **सहकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि**:**

(क) सहकारी समितियों को सुदृढ़ करने के लिए सहकार से समृद्धि योजना के तहत किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है**;**

(ख) कर्नाटक में इस योजना के अंतर्गत शामिल सहकारी समितियों की संख्या का ब्यौरा क्या है**;**

(ग) इस योजना के तहत शामिल सहकारी समितियों की संख्या का ब्यौरा क्या है**;**

(घ) मंत्रालय इस योजना के तहत सहकारी समितियों की प्रतिस्पर्धात्मकता को कैसे बहाल करने का विचार कर रहा है**,** तत्संबंधी ब्यौरा क्या है**;** और

(ङ) क्या मंत्रालय का लक्ष्य इस योजना के तहत विभिन्न क्षेत्रों में नई सहकारी समितियां बनाना है?

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) से (ङ): सहकारिता मंत्रालय द्वारा कर्नाटक राज्य सहित देश भर में "सहकार से समृद्धि" की परिकल्पना को साकार करने, सहकारी आंदोलन को सशक्त करने तथा सहकारी समितियों की प्रतिस्पर्धात्मकता को पुनः स्थापित करने के लिए सहकारिता क्षेत्र में विभिन्न पहलें की गई हैं, जैसे :

### क. प्राथमिक सहकारी समितियों को पारदर्शी और आर्थिक रूप से जीवंत बनाना (14 पहलें )

1. **पैक्स को बहु-उद्देशीय, बहु-आयामी और पारदर्शी संस्थान बनाने के लिए आदर्श उपविधियां**: पैक्स को 25 से अधिक व्यवसायिक कार्यकलाप करने में सक्षम बनाने हेतु आदर्श उपविधियों को तैयार कर सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को संबंधित राज्य सहकारिता अधिनियम के अनुसार अपनाने हेतु परिचालित की गईं । आदर्श उपविधियों को कर्नाटक राज्य सहित 27 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा अपनाया जा चुका है।

2. **कम्प्यूटरीकरण के माध्यम से पैक्स का सशक्तिकरण:** 2,516 करोड़ रुपए के परिव्यय से 63,000 पैक्स को एक ERP आधारित राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर में ऑनबोर्ड करने की प्रक्रिया चल रही है। इस परियोजना के तहत, कर्नाटक राज्य के लिए कुल 5,491 पैक्स स्वीकृत किए गए हैं।

